आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 16.10.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन किए गए इंडिया मोबाइल कांग्रेस दो हजार चौबीस में भाग लिया।
- वीर सावरकर अतरराष्ट्रीय हवाई अडडे के प्रवेश गेट से लेकर टर्मिनल भवन तक यात्रियों की सुविधा के लिए गोल्फ कार्ड सेवा का आरंभ किया जा रहा है।
- दक्षिण अंडमान ज़िले में चल रहे वार्षिक सम्मरी रिविज़न की गतिविधियों पर बैठक का आयोजन किया गया।
- भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण द्वारा एम.एससी. वनस्पति विज्ञान के छात्रों के लिए सात दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।
- समाज कल्याण निदेशालय ने स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से आटम पहाड़ में बुजुर्ग महिलाओं के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन किए गए इंडिया मोबाइल कांग्रेस दो हजार चौबीस में भाग लिया। अपने संबोधन में उपराज्यपाल ने दूरदराज के क्षेत्रों तक भी अंतिम मील नेटवर्क कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए चल रहे बेस ट्रांसमिशन स्टेशन परियोजना और फोर–जी परियोजना में तेजी लाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इसके अलावा, उड़ीसा के पुरी से डिगलीपुर तक अतिरिक्त ओ एफ सी को जोड़ने पर भी जोर दिया। उन्होंने मोबाइल फोन की असेंबलिंग सहित आईटी और दूरसंचार विनिर्माण उद्योगों के प्रदूषण रहित विनिर्माण केंद्र के रूप में उपयोग करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि नए अण्डमान का निर्माण हो सके।

<><><><><><><>

वीर सावरकर अतराष्ट्रीय हवाई अडडे के प्रवेश गेट से लेकर टर्मिनल भवन तक यात्रियों की सुविधा के लिए गोल्फ कार्ड सेवा का आरंभ किया जा रहा है। आज दिन में साढ़े दस बजे आयोजित होने वाले कार्यक्रम में इस सेवा का उदघाटन किया जाएगा। इसके आरंभ हो जाने से हवाई अडडे परिसर में जिन वाहनों को प्रवेश की अनुमति नहीं है और जिन विमान यात्रियों को

प्रवेश गेट के पास ही उतारना पड़ता था, इस सेवा के आरंभ हो जाने से विमान यात्री अब प्रवेश गेट में ऐसे वाहनों से उतरने के बाद इस सेवा का लाभ उठा पाएंगे और उन्हें लंबी दूरी तक सामनों के साथ यात्रा करने की भी असुविधा नहीं होगी।

<><><><><><><>

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दक्षिण अंडमान ज़िले में बीस अगस्त से चल रहे वार्षिक सम्मरी रिविज़न की गतिविधियों पर बैठक का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य सटीक और भरोसेमंद मतदाता सूची को तैयार करना है। बैठक में हितधारकों, जिला उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के साथ दो हजार पच्चीस के संदर्भ में फोटो मतदाता सूची में संशोधन के लिए चल रहे वार्षिक सम्मरी रिविज़न के लिए री–रिविज़न गतिविधियों पर चर्चा की गई। री–रिवीजीकरण के तहत बूथ स्तर के अधिकारियों द्वारा मतदाताओं के वर्तमान क्षेत्र में मतदाता सूची में उनके नामों की घर–घर जाकर जांच का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा ये अधिकारी अगले वर्ष एक जनवरी तक भावी मतदाताओं के अलावा अगले वर्ष एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्तूबर तक मतदान के योग्य होने वाले भावी मतदाताओं के बारे में भी सूचना एकत्र कर रहे हैं। इसके अलावा मतदाता सूची में प्रविष्टियों में जरूरी सुधार का कार्य भी किया जा रहा है। इस वर्ष उनतीस अक्तूबर को एकीकृत मतदाता सूची का मसौदा प्रकाशित किया जाएगा। उनतीस अक्तूबर से अट्ठाईस नवम्बर के बीच दावे और आपत्तियां आमंत्रित की जाएगी और अगले वर्ष छः जनवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। ज़िला प्रशासन ने इस प्रकिया के दौरान बूथ स्तर के अधिकारियों को सहयोग देने का अनुरोध किया है। मतदाता अपने मोबाइल नम्बर और आधार को भी लिंक कराने के लिए जानकारी दे सकते हैं।

<><><><><><><>

भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण द्वारा कल एम.एससी. वनस्पति विज्ञान के छात्रों के लिए पहचान, नामकरण और हर्बेरियम तकनीक पर सात दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ, जिसका उद्देश्य विभिन्न पौधों के समूहों पर पादप वर्गिकी अध्ययन और संरक्षण तकनीकों पर तकनीकी कौशल प्रदान करना है। कार्यक्रम में पर्यावरण एवं वन विभाग के अपर मुख्य वन्य संरक्षक रवि होरो मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने कार्यक्रम के महत्व और वनस्पति विज्ञान के छात्रों के लिए टैक्सोनोमिस्ट के रूप में कौशल के महत्व और द्वीपों में जैव विविधता के संरक्षण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने जैव विविधता के लिए आवश्यक ज्ञान एवं कौशल के सर्वोत्तम प्रदर्शन के बारे में भी जानकारी देते हुए छात्रों से कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जे.एन.आर.एम. के प्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार शर्मा सम्मानित अतिथि थे। उन्होने

कार्यशाला की महत्ता पर बल देते हुए छात्रों से कड़ी मेहनत करने और जैव विविधता के प्रति जागरूक होने को कहा। कार्यक्रम में अपर निदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. लाल जी सिंह ने कार्यशाला और लर्निंग मॉड्यूल के बारे में जानकारी दी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल तीस छात्र भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र से आज लाईव फोन–इन कार्यक्रम हैलो डॉक्टर का विशेष अंक प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय रहेगा–विश्व रीढ़ दिवस। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. निज़ामुद्दीन श्रोताओं से संवाद करेंगे। श्रोता फोन संख्या दो तीन दो पांच पांच आठ और दो तीन दो तीन तीन छः पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं। कार्यक्रम आज शाम साढ़े छः बजे से सुना जा सकता है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से कल आटम पहाड़ स्थित वृद्धाश्रम उल्लास में बुजुर्ग महिलाओं के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच, चिकित्सा परामर्श और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के बारे में जागरूकता प्रदान करना था। गाराचरामा जिला अस्पताल के डॉक्टर शाइनी वर्गीस ने स्वास्थ्य जांच शिविर का संचालन किया। दंत चिकित्सक डॉ. तृप्ति सिंह साहा, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की मोबाइल स्वास्थ्य इकाई की चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीषा चरण तथा उल्लास वृद्धाश्रम के अन्य कर्मचारी शिविर के दौरान उपस्थित थे।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत हाल ही में जंगलीघाट स्कूल की छात्राओं के लिए एक रैली का आयोजन किया तथा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बाथू बस्ती में एक खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। खेल में भाग लेने वाले विजेताओं को पुरस्कार दिए गए।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय की ओर से दीनदयाल अंत्योदय–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कमोर्टा के पिलपिलो गांव में सामाजिक गतिशीलता शिविर और सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस

शिविर का मुख्य उद्देश्य गांव की महिलाओं के साथ जुड़ना और स्वयं सहायता समूह बनाने की संभावनाओं पर चर्चा करना था, ताकि क्षेत्र में आर्थिक निर्भरता और आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता उत्पन्न की जा सके। ननकौड़ी के खंड विकास अधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समुदाय की स्थिति को मजबूत करने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की सफलता के लिए महिलाओं के बीच एकता, सहयोग और आपसी समर्थन के महत्व पर बल दिया। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि समूह के निर्माण कार्यक्रमों के लिए प्रशासन हर क्षेत्र में सहायता प्रदान करेगा। गांव की आदिवासी महिलाओं ने चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर ग्राम कप्तान, हेडमैन और अन्य जन प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि तकनीकी कारणों के चलते जल शुल्क अदायगी के लिए ऑनलाइन भुगतान तीस अक्तूबर तक बंद रहेगी।

<><><><><><><>